LatestLaws.com

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 209] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 7, 2013/श्रावण 16, 1935
No. 209] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 7, 2013/SRAVANA 16, 1935

विदेश मंत्रालय

(सार्क प्रभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 2013

दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय प्रथम नियमावली, 2013

फा. सं. बी 1/321/60/11.—दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008 (2009 का 8) की धारा 20(1) की उपधारा (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) की अंतर-सरकारी संचालन समिति दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय के संचालन हेतु एतद्द्वारा प्रथम नियम बनाती है, जिसे दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय प्रथम नियमावली, 2013 कहा जाएगा और जो सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से मुख्य परिसर, क्षेत्रीय केन्द्रों, विश्वविद्यालय के परिसरों या केन्द्रों पर लागू होगा और जिसे मार्च, 2011 के सातवें दिन लागू समझा जाएगा, अर्थात् :—

नियम 1: परिभाषाएं

1.1 ''शैक्षिक प्ररिषद्'' से अभिप्राय है विश्वविद्यालय की शैक्षिक परिषद्;

1.2 ''शैक्षिक स्टाफ'' से अभिप्राय है ऐसा स्टाफ व पद, जिनका कार्य विश्वविद्यालय में मुख्यत: शिक्षण एवं शोध करना है;

1.3 ''अधिनियम'' से अभिप्राय है ''दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008'' है ;

1.4 ''करार'' से अभिप्राय है दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय के लिए 4 अप्रैल, 2007 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित करार;

1.5 ''प्राधिकारियों'' से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं निकाय, जिन्हें निर्णय लेने व उन्हें लागू करने का अधिकार प्राप्त है;

1.6 ''उप नियमों'' से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के उप नियम;

LatestLaws.com

1.7 "केन्द्र" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के शिक्षण, परामर्शदायिता व शोध सुविधाएं प्रदान करने वाले केन्द्र;

1.8 "विभागों" से अभिप्राय है संकायों के भीतर सृजित विभाग।

1.9 "कर्मचारी" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त व्यक्ति, जिसमें विश्वविद्यालय के शैक्षिक व अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

1.10 "कार्यपालक परिषद" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय की कार्यपालक परिषद।

1.11 "संकाय" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के संकाय तथा इसमें किसी एक विषय अथवा विषय समूह के अध्ययन एकक शामिल होंगे।

1.12 "शासी बोर्ड" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय का शासी बोर्ड।

1.13 "विश्वविद्यालय के अधिकारियों" से अभिप्राय है अध्यक्ष, रजिस्ट्रार, निदेशक वित्त, विद्यार्थियों के डीन, प्रॉक्टर, लाइब्रेरियन, प्रवेश एवं परीक्षा निदेशक, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी निदेशक तथा विश्वविद्यालय के शासी बोर्ड द्वारा नामित ऐसे अन्य अधिकारी।

1.14 "निर्धारित" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के नियमों, विनियमों तथा उप नियमों द्वारा निर्धारित।

1.15 "अध्यक्ष" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के अध्यक्ष, जो विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी होंगे।

1.16 "प्रॉक्टर" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर।

1.17 "क्षेत्रीय परिसरों" से अभिप्राय है नई दिल्ली स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अलावा सार्क देशों में अन्यत्र स्थापित परिसर।

1.18 "रजिस्ट्रार" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार।

1.19 "विनियमों" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के विनियम।

1.20 "शोध स्टाफ" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय द्वारा शोध के विशेष उद्देश्य के लिए नियुक्त विद्वान।

1.21 "नियमों" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के नियम।

1.22 "सार्क" से अभिप्राय है दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ।

LatestLaws.com

1.23 "अध्यापक" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त अथवा मान्यताप्राप्त प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर तथा साथ ही अवैतनिक प्रोफेसर, अतिथि प्रोफेसर, अतिथि विद्वान, सहयोजित प्रोफेसर अथवा मानद प्रोफेसर।

1.24 "विश्वविद्यालय" से अभिप्राय है दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर, क्षेत्रीय परिसर तथा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ के सदस्य देशों द्वारा दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 04 अप्रैल, 2007 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित करार के अनुसरण में स्थापित केन्द्र।

1.25 "अतिथि विद्वान" से अभिप्राय है विशेष शैक्षिक प्रयोजन के लिए आमंत्रित/नियुक्त शैक्षिक/शोध स्टाफ के अस्थायी सदस्य।

1.26 "विजीटर" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के विजीटर।

नियम 2: विजीटर

2.1 सार्क का अध्यक्ष विश्वविद्यालय का विजीटर होगा।

2.2 विजीटर मानार्थ उपाधियों सहित उपाधियां प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा।

2.3 यदि विजीटर उपस्थित होने में असमर्थ है, तो वह दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने के लिए विदेश मंत्री तथा किसी अन्य विख्यात व्यक्ति को नामित करेगा या करेगी।

नियम 3: शासी बोर्ड

3.1 शासी बोर्ड की संरचना

3.1.1 शासी बोर्ड में सार्क के प्रत्येक सदस्य-देश के 2 सदस्य होंगे, जो विनियमों में उल्लिखित तरीके से संबंधित सदस्य-देश द्वारा नामित किए जाएंगे।

3.1.2 अध्यक्ष शासी बोर्ड का पदेन सदस्य होगा।

3.1.3 शासी बोर्ड की अध्यक्षता एक अध्यक्ष द्वारा की जाएगी, जो विश्वविद्यालय के अध्यक्ष से संबंधित देश से भिन्न किसी अन्य सदस्य देश की ओर से होगा।

LatestLaws.com

3.1.4 शासी बोर्ड के अध्यक्ष का चयन शासी बोर्ड के सदस्यों में से क्रमागत आधार पर एक वर्ष की एकल अवधि के लिए किया जाएगा।

3.1.5 शासी बोर्ड के सदस्य 3 वर्षों की निर्धारित अवधि के लिए पद धारण करेंगे तथा लगातार 2 अवधियों से अधिक के लिए पद पर नहीं बने रहेंगे।

3.1.6 सार्क के महासचिव अथवा उनके प्रतिनिधि शासी बोर्ड की सभी बैठकों में भाग लेंगे।

3.1.7 रजिस्टार शासी बोर्ड के सचिव के रूप में कार्य करेगा, परंतु निर्णय लेने में उनकी कोई भूमिका नहीं होगी।

3.2 शासी बोर्ड की शक्तियां

3.2.1 शासी बोर्ड विश्वविद्यालय के नीति निर्माण एवं निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय होगा। शासी बोर्ड के सभी निर्णय सार्क चार्टर में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर सर्वसम्मति द्वारा लिए जाएंगे।

3.2.2 शासी बोर्ड विश्वविद्यालय के शैक्षिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रबंधन का निरीक्षण करेगा तथा वह मुख्यतः विश्वविद्यालय से संबंधित मामलों में सार्क सचिवालय तथा सार्क के सदस्य देशों के साथ सम्पर्क के लिए उत्तरदायी होगा।

3.2.3 शासी बोर्ड विश्वविद्यालय की योजनाओं, वार्षिक बजट तथा शैक्षिक कार्यक्रमों का अनुमोदन करेगा।

3.2.4 शासी बोर्ड को विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को नियुक्त करने अथवा हटाने तथा उनके परिलाभों एवं सेवा शर्तों को अनुमोदित करने का अधिकार प्राप्त होगा।

3.2.5 शासी बोर्ड विश्वविद्यालय के अध्यापकों एवं अधिकारियों की नियुक्ति के लिए चयन समिति के विशेषज्ञ सदस्यों को नामित करेगा।

3.2.6 शासी बोर्ड को विश्वविद्यालय के विनियमों तथा उप-नियमों को अनुमोदित एवं संशोधित करने तथा स्थायी समिति के अनुमोदनार्थ नियमों के संशोधन की सिफारिश करने का अधिकार होगा।

3.2.7 शासी बोर्ड कार्यपालक परिषद तथा अध्यक्ष को नियमों, विनियमों तथा उप नियमों को संशोधित करने के लिए प्राधिकृत करेगा।

3.2.8 शासी बोर्ड इस करार के प्रावधानों, नियमों, विनियमों तथा उप नियमों के अनुसार कार्यपालक परिषद, शैक्षिक परिषद तथा वित्त समिति का उपयुक्त कार्यकरण सुनिश्चित करेगा।

LatestLaws.com

3.2.9 शासी बोर्ड कार्यपालक परिषद की ओर से अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत आवधिक रिपोर्टों सहित वार्षिक रिपोर्टों के माध्यम से विश्वविद्यालय की प्रगति का अनुवीक्षण करेगा तथा उसे करार, नियमों, विनियमों एवं उप नियमों के अनुसार कार्यपालक परिषद को दिशा-निर्देश जारी करने की शक्तियां प्राप्त होंगी।

3.2.10 शासी बोर्ड किसी विवादित मामले का समाधान करने के लिए उसे स्थायी समिति एवं सार्क मंत्रिमंडल परिषद को भेज सकता है।

3.2.11 शासी बोर्ड को सभी कर्मचारियों के वेतन व सेवा शर्तें निर्धारित एवं परिवर्तित करने की शक्तियां प्राप्त होंगी।

नियम 4: विश्वविद्यालय का वित्तपोषण

4.1 विश्वविद्यालय अपनी निधियां निम्नलिखित के माध्यम से प्राप्त करेगा:

क देशों से अंशदान

ख विद्यार्थियों से प्राप्त शुल्क

ग आवासीय एवं अन्य प्रकार के आवासों के लिए लाइसेंस शुल्क

घ दान एवं वृत्तिदान

ड. शोध अनुदान एवं परामर्शदायिता

च सरकारी-गैर सरकारी सहभागिता (पीपीपी मॉडल के अनुसार)

छ शासी बोर्ड के अनुमोदन से किसी अन्य माध्यम से।

4.2 पांच वर्षों (कैलेण्डर वर्ष 2010-2014) के प्रथम चरण के दौरान विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर की प्रचालनात्मक लागत के वित्तपोषण में सदस्य देशों का हिस्सा इस प्रकार होगा: अफगानिस्तान, 2.30 मिलियन अमरीकी डालर, भूटान, 2.30 मिलियन अमरीकी डालर, बांग्लादेश 4.92 मिलियन अमरीकी डालर, भारत, 34.42 मिलियन अमरीकी डालर, मालदीव 2.30 मिलियन अमरीकी डालर, नेपाल, 2.95 मिलियन अमरीकी डालर, पाकिस्तान, 7.85 मिलियन अमरीकी डालर तथा श्रीलंका 2.95 मिलियन अमरीकी डालर।

4.3 चरण-I के पश्चात विश्वविद्यालय की प्रचालनात्मक लागत के लिए सदस्य-देशों के बीच लागत का विभाजन बाद में निर्धारित किया जाएगा।

नियम 5: अध्यक्ष की नियुक्ति एवं शक्तियां

LatestLaws.com

5.1 अध्यक्ष की नियुक्ति

5.1.1 (i) अध्यक्ष की नियुक्ति शासी बोर्ड द्वारा की जाएगी। (ii) वह किसी एक सार्क देश का नागरिक होगा/होगी तथा विशेष रूप से सार्क क्षेत्र में वैश्विक परिप्रेक्ष्य एवं सूझ-बूझ वाला व्यक्ति होगा/होगी। (iii) वह व्यक्ति शैक्षिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त होना चाहिए, जिसके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा शैक्षणिक संस्थान में प्रोफेसर के स्तर पर 10 वर्षों का शिक्षण एवं शोध कार्य का अनुभव हो। उस व्यक्ति के पास प्रमाणित व्यावसायिकता तथा नेतृत्व के गुण होने चाहिए।

5.1.2 विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यक्ष का नामांकन मेजबान देश द्वारा किया जाएगा। उसके पश्चात विश्वविद्यालय के अध्यक्षों का नामांकन सार्क के संबंधित सदस्य-देशों द्वारा देशों के नामों के क्रम के सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा।

5.1.3 मेजबान देश शासी बोर्ड द्वारा प्रथम अध्यक्ष की नियुक्ति के नियम 5.1.1 में किए गए योग्यताओं के आधार पर अपने नामितों के रूप में तीन नामों का पैनल प्रस्तुत करेगा।

5.1.4 उसके बाद के अध्यक्षों का नामांकन सार्क के संबंधित सदस्य देशों द्वारा किया जाएगा तथा उसकी नियुक्ति शासी बोर्ड द्वारा नियम 5.1.3 में उल्लिखित उसी तरीके के आधार पर की जाएगी।

5.1.5 यदि शासी बोर्ड पैनल में शामिल किसी भी नाम को अनुमोदित नहीं करता है तो ऐसी अपवादात्मक स्थिति में वह नामांकन करने वाले सदस्य-देश से नया पैनल प्रस्तुत करने का अनुरोध कर सकता है।

5.1.6 अध्यक्ष कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्षों की अवधि के लिए पद धारण करेगा या करेगी और पुनः नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।

5.1.7 अध्यक्ष विनियमों में निर्धारित परिलाभों का पात्र होगा।

5.2 अध्यक्ष की शक्तियां एवं कार्य

संलग्न करार में दी गई शक्तियों एवं कार्यों के अलावा अध्यक्ष के पास निम्नलिखित शक्तियां व कार्य होंगे:

5.2.1 अध्यक्ष विश्वविद्यालय में अच्छी व्यवस्था व सक्षमता बनाए रखने एवं संवर्धित करने के लिए उत्तरदायी होगा।

LatestLaws.com

5.2.2 अध्यक्ष का यह कर्तव्य होगा कि वह यह सुनिश्चित करने का हर प्रयास करें कि नियमों, विनियमों एवं उप-नियमों के प्रावधानों का विधिवत पालन किया गया है तथा विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों द्वारा लिये गए निर्णयों को लागू किया गया है।

5.2.3 अध्यक्ष के पास कार्यपालक परिषद, शैक्षिक परिषद तथा वित्त समिति की बैठकें आयोजित करने की शक्ति होगी तथा वह नियमों, विनियमों एवं उपनियमों के प्रावधानों को लागू करने के लिए यथावश्यक सभी कार्य निष्पादित करेगा।

5.2.4 अध्यक्ष कार्यपालक परिषद से विचार-विमर्श करके शासी बोर्ड द्वारा अनुमोदित दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-सरकारी दान, वृत्तिदान एवं राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय अनुदानों की प्राप्ति, सरकारी-गैर सरकारी सहयोग को संवर्धित करने तथा विश्वविद्यालय-उद्योग के पारस्परिक आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाएगा तथा उसके लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

5.2.5 अध्यक्ष विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकरण अथवा निकाय अथवा समिति की किसी भी बैठक में उपस्थिति होने अथवा उसे सम्बोधित करने का पात्र होगा, परंतु यदि वह ऐसे प्राधिकरण अथवा निकाय अथवा समिति का या की सदस्य नहीं है तो वह उसमें मतदान करने के लिए पात्र नहीं होगा या होगी।

5.2.6 यदि अध्यक्ष के विचार में कोई ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसमें तत्काल कार्रवाई करना अपेक्षित है तो वह आवश्यक समझी गई कार्रवाई करेगा या करेगी तथा उस कार्रवाई को अनुमोदनार्थ उस प्राधिकरण की अगली बैठक में प्रस्तुत करेगा या करेगी, जो सामान्य प्रक्रिया में कार्रवाई करती है, बशर्ते कि यदि अध्यक्ष द्वारा की गई वह कार्रवाई उस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित नहीं की जाती है, तो वह कार्य परिषद को सौंप सकता या सकती है, जिस पर उसका निर्णय अंतिम होगा।

5.2.7 यदि अध्यक्ष का कार्यालय रिक्त हो जाता है तो नियम 5.1 के अंतर्गत रिक्त कार्यालय में किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति होने तक उसके कार्यालय का कार्य उपाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा और यदि दो अथवा उससे अधिक उपाध्यक्ष हैं, तो कार्य वरिष्ठतम उपाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

5.2.8 अध्यक्ष विनियमों में निर्धारित ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा।

नियम 6: उपाध्यक्ष

6.1 अध्यक्ष उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय में कार्यरत तीन प्रोफेसरों की पहचान करेगा तथा उपयुक्त अभ्यर्थी की उपलब्धता के शर्ताधीन उपाध्यक्ष के पद के लिए कोई भी अभ्यर्थी अध्यक्ष से संबंधित देश से भिन्न सार्क के अन्य सदस्य देश से संबंधित

LatestLaws.com

होना चाहिए। अगला अध्यक्ष उन देशों से उपाध्यक्षों का चयन करेगा जिससे पिछले उपाध्यक्ष संबंधित नहीं थे।

6.2 यदि उपाध्यक्षों की संख्या एक से अधिक है तो उनमें से वरिष्ठ व्यक्ति को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाएगा।

6.3 उपाध्यक्ष की सेवा शर्तें एवं निबंधन विनियमों में निर्धारित किए गए हैं।

6.4 उपाध्यक्ष का कार्यकाल पांच वर्षों का होगा तथा उनकी नियुक्ति अध्यक्ष के कार्यकाल की समान अवधि के लिए की जाएगी।

6.5 उपाध्यक्ष के पास निम्नलिखित शक्तियां एवं कार्य होंगे:

6.5.1 (i) उपाध्यक्ष ऐसे मामलों में अध्यक्ष की सहायता करेगा जो कि अध्यक्ष द्वारा अपनी ओर से सौंपे गए हों तथा निर्धारित किए गए हों। (ii) वह ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग तथा ऐसे कार्यों का निष्पादन भी करेगा या करेगी जो अध्यक्ष द्वारा समय-समय पर प्रत्यायोजित किए गए हों।

6.5.2 यदि अध्यक्ष विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण, निकाय अथवा समिति का अध्यक्ष भी है तथा वह किसी भी कारणवश ऐसे प्राधिकरण, निकाय अथवा समिति की बैठक से अनुपस्थित रहता या रहती है तो वह किसी एक उपाध्यक्ष को बैठक की अध्यक्षता के लिए प्राधिकृत करेगा या करेगी। इस प्रकार प्राधिकृत किसी व्यक्ति की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम उपाध्यक्ष ऐसी बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

6.5.3 अध्यक्ष द्वारा अपनी ओर से प्राधिकृत किए जाने पर उपाध्यक्ष विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकरण, निकाय अथवा समिति में उपस्थिति होने तथा उसे सम्बोधित करने का पात्र होगा, परंतु उस प्राधिकरण, निकाय अथवा समिति में केवल तभी मतदान का पात्र होगा यदि अध्यक्ष मतदान का पात्र सदस्य है।

नियम 7: संकाय डीन

7.1 संकाय के प्रत्येक डीन की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए संबंधित संकाय के प्रोफेसरों में से की जाएगी तथा यदि अन्य पात्र प्रोफेसर उपलब्ध न हो तो वह दूसरी अवधि के लिए भी पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा:

बशर्ते कि जब डीन का कार्यालय रिक्त है अथवा डीन बीमारी के कारण से अथवा अनुपस्थिति या किसी अन्य कारणवश अपने कार्यालय का कार्य निष्पादित करने में असमर्थ है तो उस

LatestLaws.com

कार्यालय का कार्य ऐसे व्यक्ति द्वारा निष्पादित किया जाएगा, जो अध्यक्ष द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया गया हो।

7.2 (i) डीन संकाय का अध्यक्ष होगा तथा वह संकाय में शिक्षण एवं शोध के मानकों तथा आचरण के लिए भी उत्तरदायी होगा। (ii) वह ऐसे अन्य कार्य भी निष्पादित करेगा या करेगी जो विनियमों द्वारा निर्धारित किए गए हैं।

7.3 डीन को अध्ययन बोर्ड अथवा संकाय समिति की किसी भी बैठक में उपस्थित होने तथा सम्बोधित करने का अधिकार होगा, परंतु यदि वह उसका सदस्य नहीं है तो उसे मतदान करने का अधिकार नहीं होगा।

7.4 संकाय डीन के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में विनिर्दिष्ट किए गए के अनुसार होंगे।

नियम 8: रजिस्ट्रार

8.1 विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की नियुक्ति कार्यपालक परिषद द्वारा विज्ञापन एवं साक्षात्कार के माध्यम से खुले चयन द्वारा की जाएगी तथा वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा:

बशर्ते कि जब रजिस्ट्रार का पद रिक्त होता है अथवा यदि रजिस्ट्रार बीमारी के कारण अथवा अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारणवश कार्यालय का कार्य निष्पादित करने में असमर्थ हैं, तो ऐसे कार्य उन व्यक्तियों द्वारा निष्पादित किए जाएंगे, जो अध्यक्ष द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किए गए हों।

8.2 रजिस्ट्रार विश्वविद्यालय की कार्यपालक परिषद तथा शैक्षिक परिषद का सदस्य-सचिव होगा, जिसे मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं है।

8.3 रजिस्ट्रार के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में विनिर्दिष्ट किए गए के अनुसार होंगे।

नियम 9: निदेशक वित्त

9.1 विश्वविद्यालय के निदेशक वित्त की नियुक्ति कार्यपालक परिषद द्वारा विज्ञापन तथा साक्षात्कार के माध्यम से खुले चयन द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी तथा वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा। बशर्ते कि जब निदेशक वित्त का पद रिक्त होता है अथवा यदि निदेशक वित्त बीमारी के कारण अथवा अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारणवश कार्यालय का कार्य निष्पादित करने में असमर्थ है, तो ऐसे कार्य उन व्यक्तियों द्वारा निष्पादित किए जाएंगे, जो अध्यक्ष द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किए गए हों।

LatestLaws.com

9.2 निदेशक वित्त विश्वविद्यालय की वित्त समिति के सदस्य-सचिव होंगे जिन्हें मताधिक नहीं होगा।

9.3 निदेशक वित्त के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में निर्धारित की जाएगी।

नियम 10: विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी

10.1 विश्वविद्यालय में निम्नलिखित अधिकारी भी होंगे:-

i. विद्यार्थियों के डीन
ii. प्रॉक्टर
iii. लाइब्रेरियन
iv. प्रशासन एवं परीक्षा निदेशक
v. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी निदेशक

10.2 विद्यार्थियों के डीन की नियुक्ति एवं कार्य

10.2.1 (i)विद्यार्थियों के डीन की नियुक्ति कार्यपालक परिषद द्वारा अध्यक्ष की सिफारिश विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों में से की जाती है।
(ii) इस प्रकार नियुक्त डीन पूर्णकालिक अधिकारी होगा तथा वह तीन वर्ष की अवधि के लि पद धारण करेगा तथा एक अतिरिक्त अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा।

10.2.2विद्यार्थियों के डीन के रूप में नियुक्त व्यक्ति अपने मूल पद पर कार्य करना अथवा पर ग्रहणाधिकार जारी रखेगा तथा उन सभी लाभों का पात्र होगा, जोकि विद्यार्थियों के डीन रूप में नियुक्ति से उसे अन्यथा प्राप्त होने थे।

10.2.3यदि विद्यार्थियों के डीन का पद रिक्त है अथवा जब विद्यार्थियों के डीन बीमारी कारण अथवा अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारणवश कार्यालय का कार्य निष्पादित क में असमर्थ हैं, तो ऐसे कार्य उन व्यक्तियों द्वारा निष्पादित किए जाएंगे, जो अध्यक्ष द्वारा उद्देश्य के लिए नियुक्त किए गए हों।

10.2.4 विद्यार्थियों के डीन तथा एसोसिएट डीन के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में निर्धा किए जाएंगे।

10.3 प्रॉक्टरों के कार्य एवं नियुक्ति

10.3.1 प्रॉक्टर की नियुक्ति कार्यपालक परिषद द्वारा अध्यक्ष की सिफारिश पर विश्वविद्या के प्रोफेसरों में से की जाती है तथा वह विश्वविद्यालय में अच्छा शैक्षिक माहौल कायम क

LatestLaws.com

के उद्देश्य से अनुशासन एवं सहयोग बनाए रखने में ऐसी शक्तियों का प्रयोग एवं कार्यों का निष्पादन करेगा।

10.3.2 प्रॉक्टर पूर्णकालिक अधिकारी होगा तथा वह तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा तथा एक अतिरिक्त अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा।

10.4 लाइब्रेरियन की नियुक्ति एवं कार्य

10.4.1 लाइब्रेरियन की नियुक्ति कार्यपालक परिषद द्वारा विज्ञापन एवं साक्षात्कार के माध्यम से खुले चयन द्वारा की जाएगी तथा वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा।

10.4.2 लाइब्रेरियन के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में विनिर्दिष्ट किए गए के अनुसार होंगे।

10.5 प्रवेश एवं परीक्षा निदेशक के कार्य एवं नियुक्ति

10.5.1 प्रवेश एवं परीक्षा निदेशक की नियुक्ति कार्यपालक परिषद द्वारा विज्ञापन एवं साक्षात्कार के माध्यम से खुले चयन द्वारा की जाएगी तथा वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा।

10.5.2 प्रवेश एवं परीक्षा निदेशक के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में निर्धारित किए जाएंगे।

10.6 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी निदेशक के कार्य एवं नियुक्ति

10.6.1 (i)सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी निदेशक की नियुक्ति कार्यपालक परिषद द्वारा विज्ञापन एवं साक्षात्कार के माध्यम से खुले चयन द्वारा की जाएगी तथा वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा।
(ii) वह विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-शासन के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रणालियां लागू करने एवं बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी।

10.6.2 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी निदेशक के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में निर्धारित किए जाएंगे।

नियम 11: कार्यपालक परिषद

11.1 कार्यपालक परिषद में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:-

i. अध्यक्ष (पदेन) जो कार्यपालक परिषद का अध्यक्ष होगा;

ii. सभी उपाध्यक्ष, पदेन;

LatestLaws.com

iii. क्षेत्रीय परिसरों के सभी अध्यक्ष;

iv. पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष;

v. शासी बोर्ड उद्योग, वाणिज्य एवं व्यावसायिक/शोध, शैक्षिक संस्थानों के अग्रणी व्यक्तियों में से चार व्यक्तयों को नामित करेगा। ये नामांकन सार्क सदस्य देशों से क्रमागत आधार पर किए जाएंगे;

vi. विद्यार्थियों के डीन, पदेन;

vii. अध्यक्ष वरिष्ठता के अनुसार क्रम के आधार पर संकाय के अधिकतम पांच डीन नामित करेगा;

viii. मताधिकार के बिना सदस्य सचिव के रूप में रजिस्ट्रार;

ix. मताधिकार के बिना सदस्य के रूप में निदेशक;

11.2 कार्यपालक परिषद के नामित सदस्य अपने नामांकन की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

11.3 कार्यपालक परिषद की बैठक आयोजित करने के लिए गणपूर्ति के लिए सदस्यों की संख्या दो-तिहाई होगी तथा कोई भी निर्णय उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों के तीन-चौथाई बहुमत द्वारा लिया जाएगा।

11.4 कार्यपालक परिषद प्रत्येक वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेगी। यदि आवश्यक हो अथवा कार्यपालक के पचास प्रतिशत सदस्यों के हस्ताक्षरित अनुरोध पर अध्यक्ष परिषद की विशेष बैठक बुला सकता है। परिषद की सभी बैठकों की कार्यसूची परिषद के प्रत्येक पात्र सदस्य को बैठक की निर्धारित तारीख से कम से कम पंद्रह (15) कार्यदिवस पहले भेजी जाएगी।

11.5 कार्यपालक परिषद के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में निर्धारित की जाएगी।

नियम 12: शैक्षिक परिषद

12.1 शैक्षिक परिषद में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:

i. अध्यक्ष जोकि शैक्षिक परिषद का पदेन अध्यक्ष होगा;

ii. उपाध्यक्ष पदेन;

iii. संकाय डीन, पदेन;

LatestLaws.com

iv. विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित संस्थानों के अध्यक्ष, पदेन;

v. क्षेत्रीय परिसरों के अध्यक्ष;

vi. अंतर्विषयक शोध केंद्रो के अध्यक्ष, पदेन;

vii. विद्यार्थियों के डीन, पदेन;

viii. लाइब्रेरियन, पदेन;

ix. पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष;

x. विभागाध्यक्ष, पदेन;

xi. विशेष केन्द्रों तथ विशिष्टता प्राप्त प्रयोगशालाओं के अध्यक्ष, पदेन;

xii. अध्यक्ष प्रत्येक संकाय से पदेन सदस्यों के अलावा एक प्रोफेसर तथा एक एसोसिएट प्रोफेसर को संकाय में से वरिष्ठता क्रम के अनुसार क्रमागत आधार पर नामित करेंगे;

xiii. शैक्षिक परिषद अध्यक्ष की सिफारिश पर तीन विशेषज्ञों (जो विश्वविद्यालय अथवा इसके द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान के कर्मचारी न हो), को चुनेगी;

12.2 पदेन सदस्यों के अलावा शैक्षिक परिषद के सभी सदस्य अपने नामांकन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे। इन सदस्यों की अवधि उनके नामांकन अथवा चयन, जैसा भी मामला हो, की तारीख से शुरू होगी।

12.3 विशेष मदों के लिए विद्यार्थियों के लिखित अनुरोध पर अध्यक्ष अधिकतम दो विद्यार्थियों को शैक्षिक परिषद में अपने विचार प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकता है।

12.4 शैक्षिक परिषद की बैठक आयोजित करने के लिए गणपूर्ति के लिए सदस्यों की संख्या दो-तिहाई होगी तथा कोई भी निर्णय उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों के तीन-चौथाई बहुमत द्वारा लिया जाएगा।

12.5 शैक्षिक परिषद के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में विनिर्दिष्ट किए गए के अनुसार होंगे।

नियम 13: क्षेत्रीय परिसर

13.1 विनियमों में निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विभिन्न सार्क सदस्य देशों में इस विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय परिसर होंगे।

LatestLaws.com

13.2 क्षेत्रीय परिसर का एक प्रमुख होगा जो इस परिसर का मुख्य कार्यपालक सदस्य होगा तथा क्षेत्रीय परिषद द्वारा निर्देशित क्षेत्रीय परिसर का प्रशासन करेगा। क्षेत्रीय परिसर तथा क्षेत्रीय परिसर के कार्य एवं शक्तियां विनियमों में निर्धारित किए जाएंगे।

13.3 (i) क्षेत्रीय परिसर के प्रमुख की नियुक्ति शासी बोर्ड द्वारा की जाएगी।

(ii)वह सार्क के किसी सदस्य देश का नागरिक होगा जो कि शासी बोर्ड द्वारा निर्धारित अर्हताप्राप्त होगा।

13.4 प्रत्येक क्षेत्रीय परिसर के प्रथम प्रमुख को मेजबान देश द्वारा नामित किया जाएगा और उसके पश्चात क्षेत्रीय परिसरों के अनुवर्ती प्रमुखों को उनके नामों के क्रमानुसार सार्क के संबंधित सदस्य-देशों द्वारा नामित किया जाएगा तथा शासी बोर्ड द्वारा उनकी नियुक्ति नीचे उल्लिखित नियम 13.5 में उल्लिखित आधार पर की जाएगी।

13.5 मेजबान देश अपने नामितों के रूप में तीन नामों का पैनल प्रस्तुत करेगा जिसमें से क्षेत्रीय परिसर के प्रमुख का चयन शासी बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

13.6 अपवादात्मक परिस्थितियों में यदि शासी बोर्ड पैनल में शामिल किसी नाम को अनुमोदित नहीं करता है, तो वह नामित करने वाले सदस्य देश से नया पैनल प्रस्तुत करने का अनुरोध प्रस्तुत कर सकता है।

13.7 क्षेत्रीय परिसर का प्रमुख कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्षों की एकल अनवीकरणीय अवधि के लिए पद धारण करेगा/करेगी।

13.8 सार्क के सदस्य देश का क्षेत्रीय परिसर शैक्षिक उत्कृष्टता का केन्द्र होगा, जो कि किसी देश में उसकी विज्ञान व प्रौद्योगिकी में उपलब्धियों व इसकी भौगोलिक पर्यावरणात्मक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं सहित उस देश में उपलब्ध विशेष विशेषज्ञता एवं प्रमाणित जानकारी एवं निपुणता का लाभ उठाने व उपयोग करने का प्रयास करेगा।

13.9 क्षेत्रीय परिसर की शासन संरचना, वित्तीय अधिकार, संकाय एवं विद्यार्थी निकाय प्रायः विनियमों में निर्धारित मुख्य परिसर के अनुरूप होंगे।

नियम 14: संकाय, शोध केन्द्र, अन्य संस्थान

14.1 (i) विश्वविद्यालयों में ऐसे संकाय, विभाग, शोध संस्थान, अंतरविषयक शोध केन्द्र, विशिष्टताप्राप्त प्रयोगशालाएं एवं अन्य शैक्षिक एकक होंगे, जो विनियमों में निर्धारित किए गए हो। शासी बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर ही ऐसे निकाय स्थापित किए जाने चाहिए।

LatestLaws.com

(ii) विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों विशेष रूप स पीएचडी का प्रतिपादन करार के अनुच्छेद 2 में उल्लिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

14.2 विनियमों में निर्धारित प्रक्रियाएं अपनाकर शोध केन्द्रों, शोध संस्थानों, संकायों, विभागों अथवा किसी अन्य शैक्षिक एकक के रूप में नए शैक्षिक कार्यकलाप स्थापित किए जा सकते हैं।

14.3 विश्वविद्यालय में काम-काज अथवा संवाद की भाषा अंग्रेजी होगी।

14.4 प्रत्येक संकाय में एक **अध्ययन बोर्ड** होगा जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:

(i) संकाय डीन जो बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा;

(ii) संकाय/संस्थान में एसोसिएट डीन/विभागाध्यक्ष;

(iii) संकाय के सभी प्रोफेसर;

(iv) यदि संकाय में कोई विभाग नहीं है तो संकाय में से वरिष्ठता के अनुसार क्रमागत आधार पर दो एसोसिएट प्रोफेसर एवं दो सहायक प्रोफेसर;

(v) यदि संकाय में विभाग है तो संकाय के भीतर प्रत्येक विभाग से वरिष्ठता के अनुसार क्रमागत आधार पर एक एसोसिएट प्रोफेसर तथा एक सहायक प्रोफेसर;

(vi) शैक्षिक परिषद संकाय को सौंपे गए किसी विषय तथा शिक्षा की किसी संबंधित शाखा में उनके विशेष ज्ञान के लिए तीन सदस्यों को नामित करेगा।

14.5 पदेन सदस्य के अलावा बोर्ड के सभी सदस्य दो वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे। इन सदस्यों की अवधि उनके नामित करने की तारीख से शुरू होगी।

14.6 प्रत्येक बोर्ड को ऐसी शक्तियां प्राप्त होंगी और वह ऐसे कार्य निष्पादित करेगा जो कि विनियमों में शामिल हों।

14.7 बोर्ड की बैठकों का आयोजन तथा अपेक्षित गणपूर्ति विनियमों में निर्धारित की जाएगी।

नियम 15: विभाग

15.1 प्रत्येक संकाय में ऐसा विभाग या ऐसे विभाग होने चाहिए जो विनियमों के अंतर्गत उसके लिए निर्धारित किए गए हैं।

LatestLaws.com

15.2 प्रत्येक विभाग में एक प्रमुख होगा जिसकी नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए विभाग के प्रोफेसरों में से क्रमागत आधार पर की जाएगी, बशर्ते कि यदि विभाग में कोई प्रोफेसर नहीं है तो अध्यक्ष एसोसिएट प्रोफेसर को विभाग के प्रमुख के रूप में नियुक्त कर सकता है।

15.3 प्रत्येक विभाग में एक **शैक्षिक समिति** होगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं:

(i) विभाग प्रमुख;

(ii) विभाग के अध्यापक;

(iii) विभाग से संबद्ध अवैतनिक प्रोफेसर, यदि कोई हो;

(iv) शैक्षिक परिषद अन्य संकायों या विभागों से दो व्यक्ति उन विभागों से संबंधित विषयों में ज्ञान के लिए नामित करेगा।

15.4 इसकी बैठकों के लिए गणपूर्ति के रूप में सदस्यों की संख्या दो-तिहाई होगी तथा इसके निर्णय उपस्थित तथा मतदान करने वाले दो-तिहाई बहुमत द्वारा लिये जाएंगे।

15.5 विभाग के प्रमुख या अध्यक्ष के कार्य एवं कर्तव्य विनियमों में विनिर्दिष्ट किए गए के अनुसार होंगे।

नियम: 16 वित्त समिति

16.1 वित्त समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:

(i) अध्यक्ष;

(ii) उपाध्यक्ष;

(iii) शासी बोर्ड द्वारा नामित एक व्यक्ति;

(iv) कार्यपालक परिषद क्रमागत आधार पर किन्हीं दो सार्क सदस्य देशों से दो व्यक्ति नामित करेगी, जो विश्वविद्यालय अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान के कर्मचारी न हों तथ उनमें से एक अनुभवी चार्टेड एकांउटेड हो;

(v) मताधिकार के बिना सदस्य के रूप में रजिस्ट्रार;

(vi) क्रमागत आधार पर संकाय के दो डीन, जो अध्यक्ष द्वारा नामित किए जाएंगे;

LatestLaws.com

(vii) मताधिकार के बिना सदस्य सचिव के रूप में निदेशक वित्त।

16.2 अध्यक्ष वित्त समिति की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

16.3 पदेन सदस्यों के अलावा वित्त समिति के सभी सदस्य तीन वर्षों की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

16.4 वित्त समिति लेखे की जांच करने, बजट तैयार करने तथा व्यय के प्रस्तावों की जांच करने के लिए प्रत्येक वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेगी।

16.5 निदेशक वित्त द्वारा तैयार वार्षिक लेखे व वित्तीय अनुमान विचारार्थ व टिप्पणी के लिए वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे तथा उसके पश्चात संशोधनों सहित अथवा रहित, उन्हें अनुमोदनार्थ कार्यपालक परिषद को प्रस्तुत किया जाएगा।

16.6 इसकी बैठकों के लिए गणपूर्ति के रूप में वित्त समिति के सदस्यों की संख्या दो-तिहाई होगी तथा इसके निर्णय उपस्थित तथा मतदान करने वाले तीन-चौथाई बहुमत द्वारा लिये जाएंगे।

नियम 17: समितियों की नियुक्ति

समितियों की नियुक्ति शासी बोर्ड, कार्यपालक परिषद अथवा शैक्षिक परिषद द्वारा की जा सकती है, जिनमें समितियां नियुक्त करने वाले प्राधिकरण के सदस्य तथा ऐसे अन्य सदस्य भी शामिल होंगे, जो प्रत्येक मामले में प्राधिकरण द्वारा उपयुक्त समझे गए हों तथा ऐसी समितियां सौंपे गए किसी भी विषय पर कार्रवाई कर सकती हैं, जो कि इसे नियुक्त करने वाले प्राधिकरण द्वारा बाद में पुष्टि पर निर्भर करती है।

नियम 18: बैठक की अध्यक्षता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था

यदि विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण, बोर्ड अथवा समिति की बैठक की अध्यक्षता के लिए नियमों एवं विनियमों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है अथवा यदि किए गए प्रावधान के अनुसार अध्यक्ष अनुपस्थित है, तो उपस्थित सदस्य बैठक की अध्यक्षता करने के लिए अपने सदस्यों में से किसी एक सदस्य का चयन करेंगे।

नियम 19: पद त्याग

19.1 विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण, बोर्ड अथवा समिति के पदेन सदस्य के अलावा कोई अन्य सदस्य रजिस्ट्रार को संबोधित त्यागपत्र प्रस्तुत करके अपना पद त्याग सकता है तथा यह त्यागपत्र प्राधिकरण अथवा बोर्ड अथवा समिति, जैसी भी मामला हो, द्वारा स्वीकार करने की तारीख से प्रभावी होगा।

3445 GI/13—3

LatestLaws.com

19.2 विश्वविद्यालय का कोई अधिकारी (भले ही वेतनभोगी हो या अन्यथा) रजिस्ट्रार को संबोधित त्यागपत्र प्रस्तुत करके अपने पद का त्याग कर सकता है तथा ऐसा त्यागपत्र रिक्ति को भरने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसे स्वीकार करने की तारीख से प्रभावी होगा।

नियम 20: प्राधिकरण के सदस्यों की अयोग्यता

20.1 किसी भी व्यक्ति को विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण का सदस्य बनने अथवा इसके लिए चयन हेतु अयोग्य घोषित किया जा सकता है:

(i) यदि वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा मानसिक रूप से विक्षिप्त पाया जाता/जाती है;

(ii) यदि वह विश्वविद्यालय की तथ्यान्वेषी समिति द्वारा स्थापित किसी वित्तीय गबन के मामले में संलिप्त है;

(iii) यदि वह किसी न्यायालय द्वारा नैतिक रूप से चरित्रहीनता के किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध है तथा उस मामले के संबंध में उसे कम से कम 6 महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

20.2 यदि कोई ऐसा प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या कोई व्यक्ति खंड 20.1 में उल्लिखित अयोग्यताओं की दृष्टि से अयोग्य है अथवा अयोग्य ठहराया गया है, तो वह मामला निर्णय के लिए कार्यपालक परिषद को सौंपा जाएगा तथा उसका निर्णय अंतिम होगा तथा ऐसे निर्णय के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई मुकदमा दायर नहीं किया जा सकता।

नियम 21: मानार्थ उपाधियां प्रदान करना

शैक्षिक परिषद मानार्थ उपाधियां प्रदान करने से संबंधित कोई भी प्रस्ताव कार्यपालक परिषद को प्रस्तुत कर सकता है तथा यदि कार्यपालक परिषद उस प्रस्ताव को स्वीकार करती है, तो उसके लिए शासी बोर्ड का अनुमोदन अपेक्षित होगा।

नियम 22: उपाधि, डिप्लोमा अथवा श्रेणी इत्यादि वापस लेना

शैक्षिक परिषद उपस्थित एवं मतदान करने वाले तीन-चौथाई सदस्यों के बहुमत द्वारा पारित संकल्प से सही व पर्याप्त कारण पाए जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी व्यक्ति को प्रदान की गई उपाधि अथवा श्रेणी या कोई प्रमाण पत्र अथवा डिप्लोमा वापस लेने के संबंध में कार्यपालक परिषद को सिफारिश कर सकती है:

LatestLaws.com

बशर्ते कि ऐसा संकल्प तब तक पारित न किया जाए, जब तक कि उस व्यक्ति को लिखित नोटिस न दिया गया हो, जिसमें उस व्यक्ति को नोटिस में दर्शाई गई अवधि के भीतर कारण बताने के लिए कहा गया हो तथा उस संकल्प को तब तक पारित न किया जाए, जब तक कि शैक्षिक परिषद उस व्यक्ति द्वारा व्यक्त आपत्तियों, यदि कोई हों, अथवा उसके द्वारा उनके समर्थन में प्रस्तुत साक्ष्यों पर विचार न कर ले।

नियम 23: विश्वविद्यालय के अध्यापक

23.1 निम्नलिखित व्यक्ति विश्वविद्यालय के अध्यापक होंगे:

(i) कार्यपालक परिषद द्वारा प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों तथा सहायक प्रोफेसरों के रूप में नियुक्त विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक कर्मचारी होंगे;

(ii) कार्यपालक परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के अवैतनिक प्रोफेसर, अतिथि प्रोफेसर, अतिथि विद्वान, सहयोजित प्रोफेसर तथा मानद प्रोफेसर के रूप में नियुक्त व्यक्ति होंगे।

23.2 विश्वविद्यालय के अध्यापक मुख्य रूप से सार्क सदस्य देशों के नागरिक होंगे। सार्क के किसी सदस्य देश से अध्यापकों की संख्या विश्वविद्यालय के कुल अध्यापकों की संख्या का कम से कम 4% होनी चाहिए, जोकि उपलब्धता के अध्यधीन होगी। अध्यापकों के 20% स्वीकृत पदों को सार्क क्षेत्र से बाहर के देशों के नागरिकों द्वारा भरा जाएगा, बशर्ते कि यदि सार्क से बाहर देशों से अध्यापक उपलब्ध नहीं हैं, तो सार्क क्षेत्र से अध्यापकों की नियुक्ति की जाए।

23.3 सभी अध्यापकों का चयन विनियमों में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

23.4 विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किसी एक संकाय में नियुक्त अध्यापक के लिए सहयोजित संकाय के रूप में अन्य संकाय में जाने का विकल्प होगा।

23.5 कार्यपालक परिषद द्वारा नियम 24 के अंतर्गत नियुक्ति को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को नियम 23.1 के अंतर्गत अध्यापक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति द्वारा उसकी सिफारिश न की गई हो।

23.6 विश्वविद्यालय के अध्यापकों के कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) गैर-पक्षपाती, गैर-साम्प्रदायिक तथा पूरी तरह निष्पक्ष होना;

(ii) व्याख्यानों, शिक्षण कक्षाओं, चर्चाओं, संगोष्ठियों तथा प्रदर्शनियों द्वारा विद्यार्थियों का शिक्षण करना;

LatestLaws.com

(iii) शोध का आयोजन, मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण करना;

(iv) विद्यार्थियों के पाठयेत्तर कार्यकलापों का पर्यवेक्षण एवं वैयक्तिक मार्गदर्शन करना;

(v) पाठ्यक्रम व पाठ्य सूची तैयार करने, परीक्षा आयोजित करने अथवा प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों तथा विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्य एवं पाठ्येत्तर कार्यक्रलापों के आयोजन में सहायता करना;

(vi) विश्वविद्यालय द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों एवं दायित्वों का निष्पादन करना।

नियम 24: आमंत्रण द्वारा नियुक्ति

नियम 23 में शामिल किसी भी व्यवस्था के बावजूद, कार्यकारी परिषद उच्च शैक्षिक श्रेणी तथा व्यावसायिक उपलब्धि वाले किसी भी व्यक्ति को आवश्यक समझी गई शर्तों एवं निबंधनों पर, जैसा भी मामला हो, विश्वविद्यालय में प्रोफेसर का पद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित कर सकती है तथा यदि वह व्यक्ति ऐसा करने के लिए सहमत है, तो उसे पद पर नियुक्त कर सकती है।

नियम 25: कर्मचारी की सेवा शर्तें

25.1 विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी को एक लिखित अनुबंध के अंतर्गत नियुक्त किया जाएगा, जिसे विश्वविद्यालय के पास रखा जाएगा तथा उसकी एक-एक प्रति संबंधित अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

25.2 (i) विश्वविद्यालय तथा किसी कर्मचारी के बीच अनुबंध से उत्पन्न कोई भी विवाद संबंधित कर्मचारी के अनुरोध पर मध्यस्थता न्यायाधिकरण को सौंपा जा सकता है, जिसमें संबंधित कर्मचारी द्वारा नामित एक सदस्य एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित एक सदस्य शामिल होगा तथा शासी बोर्ड एक निर्णायक नियुक्त करेगा, जोकि उपनियमों में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।

(ii) न्यायाधिकरण का निर्णय अंतिम होगा।

नियम 26: प्रवेश एवं विद्यार्थी

26.1 (i) नियमों में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन सामान्य प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

(ii) विश्वविद्यालय की सभी प्रवेश परीक्षाएं अंग्रेजी में आयोजित की जाएंगी।

LatestLaws.com

26.2 मेजबान देश से 50% से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

26.3 सार्क से बाहर के देशों से 10% विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकता है।

26.4 मेजबान देश के अलावा अन्य सदस्य देश से विद्यार्थियों की संख्या 4% से कम नहीं होगी, बशर्ते कि वे प्रवेश मापदण्ड पूरे करते हों तथा वे सामान्यतः प्रत्येक सदस्य देश की जनसंख्या के अनुपात पर निर्भर करेंगे।

26.5 यदि किसी देश से न्यूनतम कोटा (4%) पर भर्ती करने के लिए पर्याप्त संख्या में अर्हताप्राप्त विद्यार्थी उपलब्ध नहीं हैं, तो अध्यक्ष शैक्षिक परिषद की सलाह पर सार्क के अन्य सदस्य देशों की प्रतीक्षा सूची समाप्त करने के बाद अन्य देशों को रिक्त सीटों की पेशकश कर सकता है।

26.6 विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय परिसर में मेजबान देश से 50% विद्यार्थियों और सार्क से बाहर देशों से 10% विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा तथा अन्य सार्क सदस्य-देशों से शेष विद्यार्थियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें प्रत्येक सदस्य देश से न्यूनतम 4% विद्यार्थी होंगे। यदि कोटे की कुछ सीटें रिक्त रहती हैं, तो वे मेजबान देश के अर्हताप्राप्त विद्यार्थियों की दी जा सकती हैं (सार्क के अन्य सदस्य देशों से प्रतीक्षा सूची समाप्त करने के बाद प्रतीक्षा सूची के पैनल में थे)।

नियम 27: वीजा एवं आवासीय परमिट

इस करार के अनुच्छेद 6 के अनुसार सदस्य देश विद्यार्थियों, संकायों तथा स्टाफ को सार्क के सभी सदस्य देशों में यात्रा करने के लिए उचित वीजा प्रदान करेंगे तथा विद्यार्थियों, संकायों एवं प्रशासनिक स्टाफ को विश्वविद्यालय तथा इसके विभिन्न परिसरों, केन्द्रों एवं सहयोगी शैक्षिक संस्थानों में कार्य करने के लिए आवश्यक आवासीय परमिट प्रदान करेंगे।

नियम 28: विद्यार्थियों के अधिकार एवं दायित्व

विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त सभी विद्यार्थियों के अधिकार एवं दायित्व "दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पुस्तिका" में विनिर्दिष्ट किए गए हैं, जो कि विश्वविद्यालय के उप-नियमों का अनिवार्य भाग होंगे।

नियम 29: विद्यार्थियों का अनुशासन

29.1 विद्यार्थियों के अनुशासन तथा अनुशासनिक कार्रवाई के संबंध में सभी शक्तियां अध्यक्ष के पास निहित होंगी।

LatestLaws.com

29.2 अध्यक्ष अपनी सभी अथवा आवश्यक समझी गई शक्तियां प्रॉक्टर अथवा ऐसे अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को प्रत्यायोजित कर सकता है, जो इनकी ओर से विशेष रूप में नामित किए गए हों।

29.3 अनुशासन बनाए रखने तथा अनुशासन बनाने के हित में उचित समझी गई कार्रवाई करने के संबंध में अपनी शक्तियों को प्रभावित किए बिना अध्यक्ष अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश अथवा निदेश दे सकता है कि कोई भी विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित किसी विभाग, संकाय अथवा शोध केन्द्र/संस्थान से निष्कासित किया जाए अथवा किसी निर्धारित अवधि के लिए अथवा निर्धारित न की गई अवधि के लिए अस्थायी रूप से निष्कासित किया जाए अथवा उसे विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित किसी विभाग, संकाय शोध केन्द्र/संस्थान के पाठ्यक्रम अथवा अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश न दिया जाए अथवा किसी निर्धारित राशि का जुर्माना लगाया जाए अथवा किसी एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के लिए परीक्षा देने से वर्जित किया जाए अथवा यह निदेश भी दे सकता है कि संबंधित विद्यार्थी जिन परीक्षाओं में उपस्थित हुए थे, उनके परीक्षा परिणामों को रद्द कर दिया जाए अथवा उन पर रोक लगा दी जाए।

29.4 विश्वविद्यालय में संकाय के किसी डीन, क्षेत्रीय परिसरों के प्रमुखों, संस्थानों, विभागों, शोध केन्द्रों तथा अन्य शैक्षिक एककों के प्रमुखों को ऐसी सभी अनुशासनिक शक्तियों का उपयोग करने का अधिकार होगा, जो ऐसे शैक्षिक एककों के उचित संचालन के लिए आवश्यक है।

29.5 इन नियमों अथवा विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट के अनुसार अध्यक्ष एवं प्रॉक्टर की शक्तियों को प्रभावित किए बिना डीन, क्षेत्रीय परिसरों के प्रमुख, संस्थान, विभागों, शोध केन्द्र तथा अन्य शैक्षिक एककों के प्रमुख ऐसे पूरक नियम बना सकते हैं, जो उनके विशेष शैक्षि कार्यचालन के लिए आवश्यक समझे गए हैं।

नियम 30: एलुमनी संघ

30.1 विश्वविद्यालय के लिए एक एलुमनी संघ स्थापित किया जाएगा।

30.2 एलुमनी संघ की सदस्यता के लिए अंशदान उप नियमों के अनुसार निर्धारित वि जाएगा।

30.3 एलुमनी संघ का कोई सदस्य चुनाव में खड़े होने अथवा मतदान करने का पात्र होगा, जब तक कि वह चुनाव की तारीख से पहले एक से कम एक वर्ष के लिए संघ सदस्य न रहा हो तथा कम से कम 5 वर्षों के लिए विश्वविद्यालय का स्नातक न रहा

LatestLaws.com

बशर्ते कि एक वर्ष की सदस्यता पूरी होने की शर्त विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद प्रथम चुनावों के लिए लागू नहीं होगी।

नियम 31: वार्षिक रिपोर्ट

विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट शासी बोर्ड के निदेशन में कार्यपालक परिषद द्वारा तैयार की जाएगी तथा विजीटर को प्रस्तुत करने से पहले शासी बोर्ड द्वारा उस पर विचार किया जाएगा।

नियम 32: लेखों की लेखापरीक्षा

32.1 (i) शासी बोर्ड द्वारा प्राधिकृत क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाली अनुभवी लेखापरीक्षा फर्में प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार तथा अधिक से अधिक 15 महीनों के अंतराल पर विश्वविद्यालय के लेखों की लेखापरीक्षा करेंगी।

(ii) कार्यपालक बोर्ड लेखापरीक्षा फर्मों के चयन की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाएगा।

32.2 यदि लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कुछ विशेष समस्याएं पाई जाती हैं तो विश्वविद्यालय उप-नियमों में निर्धारित प्रणालियों के माध्यम से शीघ्र उनका उपचार करेगा।

32.3 विश्वविद्यालय के लेखों की एक प्रति के साथ लेखापरीक्षा रिपोर्ट विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ शासी बोर्ड को प्रस्तुत की जाएगी।

नियम 33: बौद्धिक सम्पदा अधिकार

33.1 हालांकि, विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य मात्र अनुमानित लाभ की दृष्टि से शोध कार्य करना नहीं है, फिर भी विश्वविद्यालय में सृजनात्मक कार्यकलापों के दोहन से वित्तीय लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। ऐसे दोहन कार्य एक संरचना के भीतर किए जाने चाहिए, जो निष्पक्ष एवं उपयुक्त रूप से बौद्धिक सम्पदा सृजित करने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के हितों की सुरक्षा करते हों।

33.2 इस प्रयोजन के लिए विश्वविद्यालय उप नियमों में निर्धारित "बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की पुस्तिका" में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के आदान-प्रदान के लिए समय-समय पर अपने नियमों को अधिसूचित करेगा।

नियम 34: महिला उत्पीड़न के संबंध में नीतियां एवं प्रक्रियाएं

34.1 विश्वविद्यालय में महिला उत्पीड़न वर्जित होगा तथा यह सभी अध्यापकों, शैक्षिक, प्रशासनिक एवं सेवा स्टाफ तथा विद्यार्थियों के लिए लागू होगा।

LatestLaws.com

34.2 इस प्रयोजन के लिए उप नियमों में निर्धारित "महिला उत्पीड़न-रोधी पुस्तिका" में महिला उत्पीड़न की शिकायतों की जांच करने के लिए विशेष प्रक्रियाओं तथा महिला उत्पीड़न के अपराधियों के विरुद्ध निष्कासन या बर्खास्तगी सहित दण्डात्मक कार्रवाई करने के प्रावधानों का सुझाव दिया जाएगा।

नियम 35: विनियम

35.1 इस करार तथा इन नियमों के अध्यधीन विनियमों में निम्नलिखित सभी मामलों के लिए प्रावधान किए जाएंगे, परंतु ये प्रावधान उन्हीं तक सीमित नहीं होंगे:-

(i) विश्वविद्यालय के अध्ययन पाठ्यक्रमों तथा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं, डिग्रियों, डिप्लोमों तथा प्रमाण-पत्र के लिए प्रभारित शुल्क;

(ii) जांचकर्ता निकायों, जांचकर्ताओं तथा निर्णायकों की कार्यविधि, नियुक्ति के तरीके तथा कार्यों सहित परीक्षाओं का आयोजन;

(iii) अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति, अध्ययनवृत्ति, मैडल व पुरस्कार प्रदान करने के लिए शर्तें;

(iv) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में अनुशासन लागू करना;

(v) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के आवास की शर्तें

(vi) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की संख्या, अर्हताएं, परिलब्धियों तथा सेवा शर्तें;

(vii) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित संकायों, विभागों, संस्थानों व शोध केन्द्रों का प्रबंधन;

(viii) विश्वविद्यालय के संकायों, विभागों, संस्थानों एवं शोध केन्द्रों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण; और

(ix) इस करार व इन नियमों के अंतर्गत अन्य सभी मामले, जिनके लिए उप नियमों में प्रावधान किया जाना है अथवा किया जा सकता है।

35.2 ये विनियम शासी बोर्ड के अनुमोदन से कार्यपालक परिषद द्वारा बनाए जाएंगे।

35.3 ये विनियम शासी बोर्ड द्वारा किसी भी समय संशोधित, रद्द अथवा संवर्धित किए जा सकते हैं।

35.3.1 नियम 35.2 तथा 35.3 में शामिल किसी भी व्यवस्था के बावजूद शैक्षिक परिषद परामर्श किये बिना किन्हीं भी नियमों को संशोधित अथवा संवर्धित नहीं किया जाएगा, विद्यार्थियों के आवास शर्तों अथवा अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

LatestLaws.com

35.3.2 विद्यार्थियों के प्रवेश अथवा सदस्यता या विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के समकक्ष मान्यताप्राप्त परीक्षाओं के निर्धारण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले अथवा परीक्षकों की शर्तों, नियुक्ति के तरीके अथवा कार्यों पर परीक्षाओं अथवा किसी अन्य अध्ययन पाठ्यक्रम के आयोजन अथवा स्तर को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले किसी भी विनियम का निर्माण, संशोधन अथवा संवर्धन नहीं किया जाएगा, जब तक कि शैक्षिक परिषद ऐसे विनियमों के प्रारूप पर विचार न कर ले तथा उसे अनुमोदित न कर दे।

35.4 कार्यपालक परिषद के पास शैक्षिक परिषद द्वारा नियम 35.3.1 तथा 35.3.2 के अंतर्गत प्रस्तावित किसी मसौदे को संशोधित करने की शक्ति नहीं होगी, परंतु वह उस प्रस्ताव को रद्द कर सकता है अथवा कार्यपालक परिषद द्वारा सुझाए गए किसी संशोधन के साथ इस मसौदे को आंशिक या पूर्ण रूप से पुनर्विचार के लिएं शैक्षिक परिषद को वापस कर सकती है।

35.5 यदि कार्यपालक परिषद शैक्षिक परिषद को पुनर्विचार के लिए मसौदा भेजती है तो शैक्षिक परिषद इस पर पुनर्विचार करेगी तथा कार्यपालक परिषद से संदर्भ प्राप्त होने की तारीख के 6 महीनों के भीतर मसौदे का मूल रूप अथवा संशोधित रूप कार्यपालक परिषद को पुनःप्रस्तुत करेगी।

35.6 कार्यपालक परिषद द्वारा बनाए गए सभी विनियम यथाशीघ्र शासी बोर्ड को प्रस्तुत किए जाएंगे तथा शासी बोर्ड अपनी अगली बैठक में इन पर विचार करेगा तथा शासी बोर्ड के पास कार्यपालक परिषद द्वारा बनाए गए किसी विनियम (विनियमों) को संकल्प द्वारा रद्द करने की शक्ति होगी तथा ऐसे विनियम उस संकल्प की तारीख से रद्द हो जाएंगे।

नियम 36: उप-नियम

36.1 विश्वविद्यालय के अधिकारी इस अधिनियम करार के अनुरूप निम्नलिखित सभी मामलों के संबंध में उप-नियम, नियम व विनियम बना सकते हैं, परंतु निम्नलिखित मामलों तक सीमित नहीं होंगे, यथा:

(i) यदि पहले से ही प्रावधान नहीं किया गया है, तो किसी प्राधिकरण, निकाय अथवा समिति की बैठक में अपनाए जाने वाली प्रक्रिया तथा गणपूर्ति के लिए सदस्यों की संख्या निर्धारित करना;

(ii) इस करार, इन नियमों अथवा विनियमों द्वारा उन सभी मामलों के लिए प्रावधान करना, जो उप नियमों द्वारा निर्धारित किए जाने हैं; और

LatestLaws.com

(iii)ऐसे प्राधिकरण, निकायों अथवा समितियों से संबंधित सभी अन्य मामलों के लिए प्रावधान करना, जिन्हें इस करार, इन नियमों अथवा विनियमों द्वारा नियुक्त तो किया गया है, परंतु उनके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया।

36.2 प्रत्येक उप नियम में ऐसे प्राधिकरण, निकाय अथवा समिति के सदस्यों को बैठक की तारीख तथा बैठक में विचार-विमर्श किए जाने वाले मुद्दों के बारे में नोटिस देने तथा ऐसी बैठकों की कार्रवाई का रिकार्ड रखने के प्रावधान शामिल होंगे।

36.3 कार्यपालक परिषद इन नियमों अथवा विनियमों के अंतर्गत बनाए गए उप नियमों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संशोधन करने अथवा ऐसे उप नियमों को रद्द करने का निदेश दे सकती है।

नियम 37: डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र

37.1 विश्वविद्यालय ऐसे विषयों में डिग्री, डिप्लोमा तथा प्रमाण-पत्र प्रदान करेगा, जो विनियमों में निर्धारित किए गए हैं।

37.2 विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई डिग्रियों, डिप्लोमों तथा प्रमाण-पत्रों को सार्क के सभी देशों के शैक्षिक संस्थानों तथा उच्चतर शिक्षा आयोगों/निकायों द्वारा विधिवत मान्यता दी जाएगी।

नियम 38: गुणवत्ता आश्वासन/मुख्य एवं क्षेत्रीय परिसरों का आकलन

विश्वविद्यालय में उप नियमों में निर्धारित नियामकों के अनुसार अध्यापन तथा शैक्षिक निष्पादन के मूल्यांकन के लिए गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम होंगे।

नियम 39: विश्वविद्यालय के अंतर्गत संस्थान

39.1 विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित अथवा मान्यताप्राप्त अथवा इसके साथ संबद्ध संस्थान हो सकते हैं।

39.2 विश्वविद्यालय जिन शर्तों एवं अनुबंधों के अंतर्गत किसी संस्थान को मान्यता प्रदान करेगा और विश्वविद्यालय के साथ किसी संस्थान की संबद्धता का नोटिस विनियमों में विनिर्दिष्ट किए गए के अनुसार होंगे।

नियम 40: नियमों में संशोधन

40.1 कार्यपालक परिषद शासी बोर्ड को संशोधन का प्रस्ताव भेज सकता है, जोकि प्रस्तावों पर विचार करेगा और निर्णय लेगा। सदस्य देश सार्क सचिवालय के माध्यम से शासी

LatestLaws.com

बोर्ड की बैठक के कम से कम तीन महीने पहले शासी बोर्ड को प्रत्यक्ष रूप से नियमों में संशोधन करने का प्रस्ताव भी भेज सकते हैं, जिन पर शासी बोर्ड विश्वविद्यालय के कार्यपालक परिषद के परामर्श से विचार करेगा तथा निर्णय लेगा।

40.2 यदि शासी बोर्ड संशोधन के पक्ष में निर्णय लेता है तो वह संशोधन को अंतिम रूप से अनुमोदन के लिए सार्क स्थायी समिति को अग्रेषित करेगा।

श्रीप्रिया रंगनाथन, संयुक्त सचिव (सार्क)

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

(SAARC DIVISION)

NOTIFICATION

New Delhi, the 5th August, 2013

The South Asian University First Rules, 2013

F. No. BI-321/60/11.— In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 20 (1) of the South Asian University Act, 2008 (8 of 2009), the Inter-Governmental Steering Committee of the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) hereby makes the first rules, for the operation of the South Asian University, to be called as the South Asian University First Rules, 2013, which shall apply to the main campus, Regional Centres, campuses or centers of the University and shall be deemed to have come into force on the 7th day of March, 2011, namely:-

RULE 1: Definitions.-

1.1 "Academic Council" means the Academic Council of the University.

1.2 "Academic Staff" means staff and posts whose function is primarily teaching or research in the University.

1.3 "Act" means the South Asian University Act, 2008.

1.4 "Agreement" means the Agreement for Establishment of University signed in New Delhi on 4th April 2007 (*Annexed*).

1.5 "Authority" means any officer or body of the University who is empowered to take decisions and implement them;

1.6 "Bye-laws" means the Bye-laws of the University.

1.7 "Centre" means a unit of the University providing, teaching, consultancy and research facilities;

1.8 "Departments" means the Departments created within Faculties.

1.9 "Employee" means any person appointed by the University and includes academic and other staff of the University.

1.10 "Executive Council" means the Executive Council of the University.

LatestLaws.com

1.11 "Faculty" means the faculty of the University and would comprise a unit of study of a single or a group of disciplines/subjects.

1.12 "Governing Board" means the Governing Board of the University.

1.13 "Officers of the University" means President, Vice President(s), Registrar, Director Finance, Dean of Students, Proctor, Librarian, Director of Admissions and Examinations, Director of Information and Communication Technology and other officers ,so designated by the Governing Board of the University.

1.14 "Prescribed" means prescribed by Rules, Regulations and Bye-laws of the University.

1.15 "President" means the President of the University who would also be the Chief Executive Officer of the University.

1.16 "Proctor" means the Proctor of the University.

1.17 "Regional Campus" means a campus, other than the Main Campus of the University in New Delhi, established anywhere else in SAARC countries.

1.18 "Registrar" means the Registrar of the University.

1.19 "Regulations" means the Regulations of the University.

1.20 "Research Staff" means scholars appointed for specific purpose of research by the University.

1.21 "Rules" means the Rules of the University.

1.22 "SAARC" means the South Asian Association for Regional Cooperation.

1.23 "Teacher" means Professor, Associate Professor and Assistant Professor appointed or recognized by the University, as also Honorary Professor, Visiting Professor, Visiting Scholar, Adjunct Professor, Emeritus Professor.

1.24 "University" means the South Asian University Main Campus, Regional Campuses and Centres established in pursuance of the Agreement for Establishment of South Asian University signed by the Member States of the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) on 4th April 2007 in New Delhi.

1.25 "Visiting Scholar" means temporary member of academic / research staff invited / appointed for specific academic purpose.

1.26 "Visitor" means the Visitor of the University.

RULE 2: Visitor.-

2.1 The Chairperson of SAARC shall be the Visitor of the University.

2.2 The Visitor shall preside over the Convocation of the University for conferring degrees including honorary degrees.

2.3 If the Visitor is unable to be present, he or she may nominate the Foreign Minister or any other eminent person to preside over the Convocation.

LatestLaws.com

RULE 3: The Governing Board.-

3.1 Composition of the Governing Board

